## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 21.12.2024**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप वर्ष-2012 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या करने वाले 06 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा दिलाई गई आजीवन कारावास व 01 लाख 57 हजार रुपये जुर्मानें की सजा ।**

**विवरण**– पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **“ऑपरेशन कन्विक्शन”** के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2012 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति की हत्या करने वाले 06 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, जबकि 01 अन्य अभियुक्त को 05 माह के साधारण कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 22.06.2012 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसके सम्बन्ध में मृतक के भाई प्रभाकर अवस्थी की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 345/12 धारा 147/148/302/149/307/149 भादवि, मु0अ0सं0 367/12 व 368/12 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना निरी0 श्री नारायण त्रिपाठी द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए दिनांक 17.09.2021 को आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक श्री मनोज कुमार दीक्षित व राम कुमार सिंह द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी अनिल रायकवार तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार के अथक प्रयासों से सभी 06 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय ADJ-I बांदा द्वारा आजीवन कारावास जबकि 01 अन्य अभियुक्त बाबू सिंह को 05 माह के साधारण कारावास व कुल 01 लाख 57 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

**अभियुक्त-**

1. बल्लू सिंह पुत्र चुन्नु सिंह निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. पप्पू सिंह पुत्र चुन्नु सिंह निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. अतलू सिंह पुत्र चुन्नू सिंह निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
4. दाऊ सिंह पुत्र चुन्नू सिंह निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
5. संतु पुत्र रामऔतार निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
6. शिवप्रताप निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
7. बाबू सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी टिकरी मजरा कनवारा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**अभियोजक**
**श्री मनोज कुमार दिक्षित**

**अभियोजक**
**श्री राम कुमार सिंह**

**विवेचक**
**निरी0 श्री नारायण त्रिपाठी**

**कोर्ट मोहर्रिर**
**आ0 अनिल रायकवार**

**कोर्ट मोहर्रिर**
**मु0आ0 दिनेश कुमार**